(1) SN^1 (एकाणुक नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन) -

यह अभिक्रिया दो पदों में सम्पन्न होती है। एक धीमा तथा दूसरा तीव्र पद कहलाता है। धीमे पद में कार्बधनायन मध्यवर्ती का निर्माण होता है। तथा यह पद ही वेग निर्धारक होता है। अतः इस अभिक्रिया में अभिक्रिया वेग एल्किल हैलाइड की क्रियाशीलता पर निर्भर करता है। अतः यह SN^1 कहलाती है।



क्रियाविधि -

पद - 1.



तृतीयक कार्बधनायन

पद - 2.



t - ब्यूटिल एल्कोहल

R-X की क्रियाशीलता का क्रम -

$$\boxed{3^\circ R-X > 2^\circ R-X > 1^\circ R-X}$$

(2) SN^2 (द्विअणुक नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन) -

यह अभिक्रिया एक पद मे सम्पन्न होती है। इसमे मध्यवर्ती संक्रमण अवस्था बनती है। R-X एवं $Nu^\ominus$ की क्रियाशीलता पर अभिक्रिया की क्रियाशीलता निर्भर करती है। अतः यह SN^2 कहलाती है।



संक्रमण अवस्था

R-X की क्रियाशीलता का क्रम -

$$\boxed{1^\circ R-X > 2^\circ R-X > 3^\circ R-X}$$

SN^1 व SN^2 अभिक्रियाओं मे अन्तर -

क्र.	SN^1	SN^2
1.)	यह दो पदों मे सम्पन्न होती है।	यह एक पद मे सम्पन्न होती है।
2)	मध्यवर्ती → कार्बधनायन	मध्यवर्ती → संक्रमण अवस्था
3)	क्रियाशीलता → R-X पर निर्भर करता है। Rate $\propto [R-X]^1$ order = 1	क्रियाशीलता → R-X एवं $Nu^\ominus$ पर निर्भर करती है। Rate $\propto [R-X]^1 [Nu^\ominus]^1$ order = 2

क्र.	SN^1	SN^2
4)	R−X की क्रियाशीलता → $3^\circ R-X > 2^\circ R-X > 1^\circ R-X$	R−X की क्रियाशीलता → $1^\circ R-X > 2^\circ R-X > 3^\circ R-X$
5)	कार्बधनायन की होती है।	नहीं होती है।
6)	अभिक्रिया में सामान्यतः नाभिक स्नेही उदासीन	अभिक्रिया में सामान्यतः नाभिक स्नेही ग्रहणात्मक
7)	रेसामिक विन्यास	प्रतिजन (inversion) विन्यास (क्योंकि सबस्ट्रेट पर पीछे से आक्रमण होता है।
8)	कोटि = 1	कोटि = 2
9)	नाभिक स्नेही → दुर्बल क्षारक	नाभिक स्नेही → प्रबल क्षारक

★ SPECIAL NOTE → ऐलिलिक तथा बेन्जिलिक हैलाइड SN^1 अभिक्रिया के प्रति अधिक क्रियाशीलता प्रदर्शित करते हैं क्योंकि इनके कार्बधनायन अनुनाद के द्वारा अधिक स्थाई होते हैं-

$$CH_2=CH-\overset{\oplus}{CH_2} \longleftrightarrow \overset{\oplus}{CH_2}-CH=CH_2$$



SN^1 & SN^2 के लिए हैलाइड की क्रियाशीलता का क्रम -

$$\boxed{R-I > R-Br > R-Cl > R-F}$$

Ques. हैलो एल्केन को KCN से अभिक्रिया करके मुख्य उत्पाद के रूप में एल्किल सायनाइड बनाते हैं जबकि HgCN से अभि. करने पर आयसो सायनाइड मुख्य उत्पाद के रूप में प्राप्त होता है। समझाइए।

3. K-CN में K-C के बीच आयनिक बन्ध होता है। जिससे K-CN आसानी से $K^{\oplus}$ एवं $CN^{\ominus}$ में टूट जाता है तथा C परमाणु के द्वारा e^- युग्म दान करने पर एल्किल सायनाइड बनता है।

लेकिन AgCN में मुख्यतः Ag & C के मध्य सहसंयोजक बन्ध पाया जाता है। अतः इसका N परमाणु e^- युग्म दान कर एल्किल आइसो सायनाइड का निर्माण करते हैं।

$$K^{\oplus} + \overset{\curvearrowright}{CN} + \overset{\delta+}{R}-\overset{\delta-}{X} \longrightarrow R-C\equiv N + K^{\oplus}X^{\ominus}$$

एल्किल सायनाइड

$$Ag\overset{\curvearrowright}{-}C\equiv N + R^{\delta+}-X^{\delta-} \longrightarrow R-N\equiv C + AgX$$

एल्किल आइसो सायनाइड

Ques. निम्नलिखित हैलोजन यौगिकों के युग्मों में कौनसा यौगिक SN^2 अभिक्रिया तीव्रता से देगा?

(i)  &  ,

(ii) &

Ans. (i)  यह प्राथमिक एल्किल हैलाइड है। अतः SN^2 अभिक्रिया तीव्रता से देगा।

(ii) आयोडीन बड़े आकार के कारण आसानी से त्याग दिया जाता है। जिससे SN^2 अभिक्रिया तीव्रता से होगी।


बेन्जीन


फेनिल (ऐरिल)


टालुईन


बेन्जिल


बेन्जल


बेन्जो

NOTE - फिल्मों में कृत्रिम बारिश सिल्वर आयोडाइड (AgI) की वजह से होती है।

Ques. SN^1 व SN^2 अभिक्रिया में निम्न यौगिकों की अभिक्रियाशीलता का क्रम अनुमानित करो -

(i) ब्रोमो ब्यूटेन के चार समावयवी

(ii) $C_6H_5CH_2Br$, $C_6H_5CH(C_6H_5)Br$, $C_6H_5CH(CH_3)Br$, $C_6H_5C(CH_3)C_6H_5Br$

Ans. (1) ब्रोमो ब्यूटेन के चार समावयवी हैं-

(i) $CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-Br$ (1-ब्रोमो ब्यूटेन)

(ii) $CH_3-CH_2-\underset{\underset{Br}{|}}{CH}-CH_3$ (2-ब्रोमो ब्यूटेन)

(iii) $CH_3-\underset{\underset{CH_3}{|}}{CH}-CH_2-Br$ (1-ब्रोमो-2-मेथिल प्रोपेन)

(iv) $CH_3-\overset{\overset{Br}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-CH_3$ (2-ब्रोमो-2-मेथिल प्रोपेन)

SN^1 की क्रियाशीलता $\propto$ कार्बधनायन का स्थायीत्व $\propto \frac{1}{\text{आवेश}}$

(i) $C-C-C-C^{\oplus}$

(ii) $C-C-C^{\oplus}-C$

(iii) $C-\underset{\underset{C}{|}}{C}-C^{\oplus}$

(iv) $C-\underset{\underset{C}{|}}{C^{\oplus}}-C$

अतः SN^1 की क्रियाशीलता का क्रम →

(iv) > (ii) > (iii) > (i)

अतः SN^2 की क्रियाशील का क्रम →

(i) > (iii) > (ii) > (iv)

(2) (i) 

1-ब्रोमो-1-फेनिल मेथेन

(ii) 

1-ब्रोमो-1,1-डाई फेनिल मेथेन

(iii) 

1-ब्रोमो-1-फेनिल एथेन

(iv) 

1-ब्रोमो-1,1 डाई फेनिल एथेन

(i)  (अनुनाद)

(ii)  (अनुनाद)

(iii)  (अनुनाद + प्रेरणिक)

(iv)  (अनुनाद + प्रेरणिक)

SN^1 की क्रियाशीलता का क्रम -

(iv) > (ii) > (iii) > (i)

SN^2 की क्रियाशीलता का क्रम -

(i) > (iii) > (ii) > (iv)

* **SPECIAL NOTE-** ऐसे कार्बधनायन जिसमें अनुनाद एवं प्रेरणिक प्रभाव दोनों पाए जाए वो सबसे अधिक स्थाई कार्बधनायन कहलाता है तथा इस प्रकार के कार्बधनायन SN^1 अभिक्रिया के लिए अधिक क्रियाशील होते है।

Ques निम्न युग्मों में से आप कौनसे एल्किल हैलाइड द्वारा SN^2 क्रियाविधि से अधिक तीव्रता से अभिक्रिया करने की अपेक्षा करते है?

(i) 

(ii) 

(iii) 

Ans. SN^2 अभिक्रियाओं के लिए R-X की क्रियाशील का क्रम सामान्यतः $1^\circ(R-X) > 2^\circ(R-X) > 3^\circ(R-X)$ पाया जाता है क्योंकि एल्किल ग्रुप बढ़ाने पर त्रिविम बाधा उत्पन्न होती है जिससे नाभिक स्नेही आसानी से योग नहीं कर पाता।

(i) C–C–C–C–Br > C–C–C(Br)–C

(ii) SN^2 की क्रियाशीलता →

C–C–C(Br)–C > C–C(Br)(C)–C

(iii) SN^2 की क्रियाशीलता →

C–C(C)–C–C–Br > C–C–C(C)–C–Br

<u>Ques.</u> हैलोजन यौगिक के निम्नलिखित युग्मो मे से कौनसा यौगिक तीव्रता से SN' अभिक्रिया करेगा?

(i) 

(ii)

<u>Ans.</u> – (i) SN' की अभिक्रिया -



(ii) SN' की क्रियाशीलता -

<u>Ques</u> निम्न मे SN' की क्रियाशीलता का क्रम बनाओ?

(1) CH_3-CH_2-X

(2) $CH_3-CH(CH_3)-X$

(3) $CH_2=CH-CH_2-X$

(4) 

<u>Ans.</u> अतः SN' की क्रियाशीलता का क्रम →

(4) > (3) > (2) > (1)



(3)



(4) $CH_3-\underset{\underset{CH_3}{|}}{CH}-Br$

(5) CH_3-CH_2-Br

Ans. SN^1 की क्रियाशीलता का क्रम → (3) > (2) > (1) > (4) > (5)

* कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाएं →

* समतल ध्रुवीत प्रकाश :→ साधारण प्रकाश को जब निकॉल प्रिज्म मे से गुजारा जाता है तो प्राप्त प्रकाश समतल ध्रुवीय प्रकाश कहलाता है।

NOTE - निकॉल प्रिज्म सामान्यतः Calcite ($CaCO_3$) का बना होता है।

* ध्रुवण घुर्णक यौगिक :- वे यौगिक जो समतल ध्रुवीत प्रकाश के तल को ध्रुवीत प्रकाश मे परिवर्तित कर देते है। ध्रुवण घुर्णक यौगिक कहलाते है।

* ध्रुवण घुर्णकता :- समतल ध्रुवित प्रकाश के तल को घुर्णित करने की इस प्रकृति को ध्रुवण घुर्णकता कहते है।

⇒ यौगिक जो ध्रुवित प्रकाश तल को दांयी ओर घुमाता है दक्षिण ध्रुवण घुर्णक या d रूप या (+) रूप कहलाता है।

⇒ यौगिक जो ध्रुवित प्रकाश तल को बायी ओर घुमाता है वाम ध्रुवण घूर्णक या l रूप या (−) रूप कहलाता है।

⇒ d + l रूप की बराबर मात्रा मिलाने पर बने मिश्रण को रेसामिक मिश्रण या dl रूप या ± रूप कहते है जो कि प्रकाशिक निष्क्रिय होता है अर्थात् ध्रुवित प्रकाश तल का घूर्णन नही करता।

* <u>ध्रुवणमापी</u>– ध्रुवण घूर्णक पदार्थों की ध्रुवण घूर्णकता ज्ञात करने के लिए जिस यंत्र को काम मे लिया जाता है, उसे ध्रुवण मापी (Polarimator) कहते है।



असममित कार्बन परमाणु या त्रिविम केन्द्र या किरेल कार्बन परमाणु या स्टेरियोजेनिक कार्बन परमाणु –

ऐसा कार्बन परमाणु जिस पर जुडे चारो एकल सहसंयोजी परमाणु या समूह भिन्न हो उसे किरेल या असममित कार्बन परमाणु कहते है। किरेल कार्बन परमाणु युक्त यौगिक किरेल यौगिक या किरेल अणु या असममित अणु कहलाते है।

Example-



* SPECIAL NOTE-

① वे वस्तुएं जो अपने दर्पण प्रतिबिम्ब पर अध्यारोपित नहीं होती, काइरल कहलाती है एवं इस गुण को काइरलता कहते है।

EX- हाथ के दस्ताने, पैरो के जूते, F, E, K।

② वे वस्तुए जो कि अपने दर्पण प्रतिबिम्ब पर अध्यारोपित हो जाती है, उन्हे अकाइरल कहते है।

EX- गोले, घन, शंकु, ग्लोब।

प्रतिबिम्ब समावयवी- असममित कार्बन परमाणु युक्त ऐसे यौगिक जिनके दो विन्यास संभव है जो एक - दूसरे के दर्पण प्रतिबिम्ब होते है लेकिन एक-दूसरे पर अध्यारोपित नहीं किए जा सकते इन विन्यासो को प्रतिबिम्ब समावयवी या प्रकाशिक प्रति विन्यासी कहते है।

इस प्रकार के अणु असममित या किरेल अणु कहलाते है व इस परिघटना को आण्विक असममिता या किरेलता कहते है।



विवरिम समावयवी- वे प्रकाशिक समावयवी जो आपस में एक-दूसरे के दर्पण प्रतिबिम्ब नहीं है, विवरिम समावयवी कहलाते है।

इस प्रकार अप्रतिबिम्ब रूपी समावयवो के सम्बन्ध को विवरिम समावयवता कहते है।

Example-



* विलोपन अभिक्रियाएं -

(1) एल्कोहली KOH के साथ अभिक्रिया (बीटा विलोपन अभिक्रिया)/ विहाइड्रो हैलोजेनीकरण अभिक्रिया → कार्बन, कार्बन के मध्य बन्धो की संख्या बढ़ाने के लिए इस अभिक्रिया का उपयोग किया जाता है।

यदि किसी हैलोजन युक्त यौगिक की एल्कोहली KOH से क्रिया करा दी जाए तो यौगिक से एक हैलोजन परमाणु तथा बीटा कार्बन से एक हाइड्रोजन परमाणु निकल जाता है एवं कार्बन, कार्बन के मध्य बन्धो की संख्या बढ़ जाती है।

Example-

(1) $\overset{\beta}{CH_3}-\overset{\alpha}{CH_2}-Cl$ + एल्कोहली KOH ⟶ $H_2O + CH_2=CH_2 + KCl$

(2) $CH_3-CH_2-\underset{H}{\overset{\beta}{CH}}-\underset{Cl}{\overset{\alpha}{CH_2}}$ + Alc KOH ⟶ $KCl + H_2O + CH_3-CH_2-CH=CH_2$

(3) $\overset{\beta}{CH_3}-\overset{\alpha}{CH}<^{Cl}_{Cl}$ + Alc KOH ⟶ $KCl + H_2O + \overset{\beta}{CH_2}=\overset{\alpha}{CH}-Cl$ + Alc KOH ↓ $CH\equiv CH + KCl + H_2O$ (एथाइन)

* सैत्यजैफ नियम (Sayt zaft) →

विहाइड्रोजेनीकरण या विहाइड्रो-हैलोजेनीकरण अभिक्रियाओ मे मुख्य उत्पाद एल्कीन बनती है लेकिन वो एल्कीन अधिक स्थायी होगी जिसमे द्विआबन्धी कार्बन परमाणु पर एल्कील समूह की संख्या अधिक होगी।

Example → $CH_3-CH_2-\underset{Cl}{CH}-CH_3$ + Alc KOH ⟶ विहाइड्रोजेनीकरण (β-विलोपन)

↓ $CH_3-CH=CH-CH_3$
2-ब्यूटीन (मुख्य उत्पाद)
(सैत्यजैफ)

↓ $CH_3-CH_2-CH=CH_2$
1-ब्यूटीन

SPECIAL CASE - सैत्यजैफ के अनुसार बनने वाली एल्कीन के यदि दो समावयवी cis व trans है तो इन दोनो की तुलना में trans समावयवी अधिक स्थाई होता है।

जैसे - ऊपर दी गई अभिक्रिया में 2-ब्यूटीन उत्पाद के दो समावयवी cis व trans संभव है। अतः trans समावयवी सबसे अधिक स्थायी है।

$CH_3-CH=CH-CH_3$ (2-ब्यूटीन)



(cis-2-ब्यूटीन)

(trans-2-ब्यूटीन)

स्थायीत्व trans > cis

एल्किल हैलाइड में विहाइड्रो हैलोजेनीकरण की क्रियाशीलता का क्रम → $3^\circ(R-X) > 2^\circ(R-X) > 1^\circ(R-X)$

भिन्न एल्किल हैलाइडो में क्रियाशीलता का क्रम →

$R-I > R-Br > R-Cl > R-F$

Example - 2-ब्रोमो-पेन्टेन

$$CH_3-CH_2-\overset{\beta}{CH_2}-\underset{\underset{Br}{|}}{\overset{\alpha}{CH}}-\overset{\beta}{CH_3} + AlcKOH$$

$R-Br + H_2O + CH_3-CH_2-CH=CH-CH_3$ (2-पेन्टीन) (मुख्य उत्पाद)

C-C-C-C=C (1-पेन्टीन)

SPECIAL NOTE -

सोडियम एथोक्साइड की अभिक्रिया एथिल एल्कोहल की उपस्थिति में कराई जाए तो यह अभिक्रिया भी विहाइड्रो हैलोजेनीकरण अभिक्रिया के नाम से जानी जाती है। इसके अन्तर्गत हैलो एसिड का निष्कासन होता है।

☆ धातुओं के साथ अभिक्रिया →

Imp (1) बुर्टज अभिक्रिया :- जब एल्किल हैलाइड की अभिक्रिया सोडीयम धातु से ईथर की उपस्थिति में कराई जाती है तो उच्चतर एल्केन का निर्माण होता है। इसे बुर्टज अभिक्रिया कहते है। (इसमें मूल हैलाइड में उपस्थित कार्बन परमाणु से ईगने कार्बन परमाणु के उत्पाद बनते हैं।

Example →

$$\underset{R-X}{R-X} + 2Na \xrightarrow[-2NaX]{\text{ईथर}} \underset{\text{उच्चतर एल्केन}}{R-R}$$

(1)

$$\underset{CH_3-Cl}{CH_3-Cl} + 2Na \xrightarrow[-2NaCl]{\text{ईथर}} \underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3}$$

(2)



(2,2-3,3 ट्रेटा मेथिल ब्यूटेन)

Special point

(2) फिटिग अभिक्रिया :- हैलो एरिल की अभिक्रिया सोडीयम धातु से ईथर की उपस्थिति में कराई जाए तो दो एरिल समूह जुड जाते हैं, इस अभिक्रिया को फिटिग अभिक्रिया कहते है।

Example -



फेनिल क्लोराइड (डाई फेनिल)

Imp.

(3) वुर्टज फिटिग अभिक्रिया :-

जब एल्किल हैलाइड एवं एरिल हैलाइड के मिश्रण को शुष्क ईथर की उपस्थिति मे सोडियम धातु के साथ गर्म किया जाता है तो एल्किल ऐरिल का निर्माण होता है। इस अभिक्रिया को वुर्टज फिटिग अभिक्रिया कहते है।

Example -



Imp.

(4) उलमान अभिक्रिया :-

जब आयडो एरिल को कॉपर धातु के साथ गर्म किया जाता है तो डाई एरिल का निर्माण होता है।

Example -



Ques. कार्ब धात्विक यौगिक किसे कहते है?

Ans.- ऐसे यौगिक जिनमे कार्बन एवं धातु के मध्य बन्ध पाया जाता है।

जैसे - ग्रिन्यार अभिकर्मक (R-MgX), R-Zn-R (फ्रेंकलैण्ड अभिकर्मक)

(5) गिन्यार अभिकर्मक का निर्माण →

जब एल्किल हैलाइड की अभिक्रिया शुष्क ईथर की उपस्थिति में मैग्नीशियम धातु से जाती है तो गिन्यार अभिकर्मक का निर्माण होता है।

Example –

$$R-X + mg \xrightarrow{\text{शुष्क ईथर}} R-mgX$$

$$CH_3-Cl + mg \xrightarrow{\text{शुष्क ईथर}} CH_3-mgCl$$

$$C_2H_5-Cl + mg \xrightarrow{\text{शुष्क ईथर}} C_2H_5-mgCl$$



SPECIAL NOTE – गिन्यार अभिकर्मक में कार्बन एवं मैग्नीशियम के मध्य सहसंयोजक बन्ध तथा मैग्नीशियम एवं हैलोजन के मध्य आयनिक बन्ध पाया जाता है। लेकिन कार्बन एवं मैग्नीशियम के मध्य का बन्ध अत्यधिक ध्रुवीय होता है क्योंकि विद्युत धनी मैग्नीशियम के इलेक्ट्रॉन आकर्षित करने के कारण।

☆ हैलो एरीन की अभिक्रियाएं –

(1) नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन →

Ques. कारण सहित समझाइए कि एरिल हैलाइड नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के प्रति कम क्रियाशील होते है?

Ans. निम्न प्रकार है –

(i) अनुनाद प्रभाव – हैलो एरीन में हैलोजन परमाणु पर उपस्थित Lone pair बेन्जीन वलय के π इलेक्ट्रॉन के साथ संयुग्मित होकर कई सारी अनुनादी संरचनाएं बनाते है। तथा इन अनुनादी संरचनाओं में C – X के मध्य में आंशिक द्विबन्ध के गुण आ जाते है।

S के गुण = 33%



हैलो एल्कीन मे C – X संकरण = sp^3

S के गुण = 25%

S के लक्षण जितने ज्यादा पास जाते है वो बन्ध उतना ही दृढ़ता से बन्धा रहता है। अतः हैलो एरीन में कार्बन और हैलोजन के मध्य प्रबल बन्ध है। लेकिन हैलो एल्केन में C – X के मध्य दुर्बल बन्ध है।

<u>हाइड्रोक्सिल समूह के द्वारा प्रतिस्थापन</u> ⟶

623 K ताप पर एवं 300 वायुमण्डलीय दाब पर जलीय NaOH के साथ क्लोरो बेन्जीन को गर्म करने पर फिनॉल में परिवर्तित हो जाती है।



SPECIAL NOTE → हैलो एरीन के ओर्थो एंव पैरा स्थिति पर इलेक्ट्रॉन आकर्षिक समूह (NO_2, CN, COOH) हैलो एरीन की क्रियाशीलता को बढ़ाया जा सकता है।









पिक्रिक अम्ल

* SPECIAL NOTE → हैलो एरीन की ओर्थो एंव पैरा स्थिति पर इलेक्ट्रॉन आकर्षि समूह जोड़ने के बजाय मेटा स्थिति पर इलेक्ट्रॉन आकर्षि समूह जोड़ दिया जाए तो हैलो एरीन की क्रियाशीलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

Ques. ② NO_2 समूह या इलेक्ट्रॉन आकर्षि समूह ओर्थो एंव पैरा स्थिति पर ही प्रभाव क्यो दर्शाते है मेटा पर क्यो नही?

Ans. ओर्थो एंव पैरा स्थिति पर नाइट्रो समूह की उपस्थिति से बेन्जीन वलय पर इलेक्ट्रॉन घनत्व कम हो जाता है। जिससे हैलो एरीन पर नाभिक स्नेही आसानी से आक्रमण कर लेता है तथा यह कार्बधनायन अनुनाद के द्वारा स्थायी होता है लेकिन मेटा स्थिति पर नाइट्रो ग्रुप होने पर नाइट्रो समूह की उपस्थिति वाले कार्बन परमाणु पर ऋणावेश नही आता है जिससे मेटा स्थिति पर उपस्थित नाइट्रो समूह ऋणावेश को स्थायीत्व प्रदान नही कराता इसलिए अभिक्रियाशिलता पर कोई प्रभाव नही पड़ता।

P - पर →



O - पर →



M - पर →





② इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन ⟶

(i) हैलोजेनीकरण ⟶



o - डाईक्लोरो बेन्जीन

p - डाई क्लोरो बेन्जीन

(ii) नाइट्रीकरण ⟶



(iii) सल्फोनीकरण ⟶



क्लोरो बेन्जीन

2- क्लोरो बेन्जीन सल्फोनिक अम्ल

1 - क्लोरो बेन्जीन 4- सल्फोनिकरण अम्ल

(iv) फ्रिडल क्राफ्ट अभिक्रिया ⟶



क्लोरो बेन्जीन

1-क्लोरो-2-मेथिल बेन्जीन

1 - क्लोरो-4- मेथिल बेन्जीन



⇒ अभ्यास :-

10.1 निम्न हैलाइड्रो के नाम IUPAC पद्धति से लिखिए तथा उनका वर्गीकरण, ऐल्किल, ऐलिलिक, बेन्जिलिक (1°, 2°, 3°) वाइनिल अथवा ऐरिल हैलाइड के रूप में कीजिए-

(i) $(CH_3)_2CHCH(Cl)CH_3$

Ans.- $\boxed{\overset{4}{CH_3}-\underset{CH_3}{\overset{3}{CH}}-\underset{Cl}{\overset{2}{CH}}-\overset{1}{CH_3}}$

IUPAC नाम → (2-क्लोरो-3-मेथिल ब्युटेन)
(एल्किल हैलाइड)

(ii) $CH_3CH_2CH(CH_3)CH(C_2H_5)Cl$,

Ans.- $\boxed{\overset{6}{CH_3}-\overset{5}{CH_2}-\underset{CH_3}{\overset{4}{CH}}-\underset{Cl}{\overset{3}{CH}}-\overset{2}{CH_2}-\overset{1}{CH_3}}$

(3-क्लोरो, 4-मेथिल हेक्सेन)
(एल्किल हैलाइड)

(iii) $CH_3CH_2C(CH_3)_2CH_2I$

CH_3

(iv) $(CH_3)_3 C CH_2 CH(Br) C_6H_5$

Ans. -



(1 - ब्रोमो - 3, 3 - मेथिल - 1 - फेनिल ब्यूटेन)

(2° बेन्जिलिक हैलाइड)

(v) $CH_3CH(CH_3)CH(Br)CH_3$

Ans.



(2 - ब्रोमो - 3 - मेथिल ब्यूटेन)

(एल्किल हैलाइड)

(vi) $CH_3 C(C_2H_5)_2 CH_2 Br$

Ans.



(1 - ब्रोमो - 2 - एथिल - 2 - मेथिल ब्यूटेन)

(एल्किल हैलाइड)

(vii) $CH_3 - C(Cl)(C_2H_5) CH_2 - CH_3$

Ans.



(2 - क्लोरो - 2 - एथिल ब्यूटेन)

(एल्किल हैलाइड)

(वाइनिलिक हैलाइड)

(ix) $CH_3CH=CHC(Br)(CH_3)_2$

Ans-



एलिलिक हैलाइड

(4- ब्रोमो-4-मेथिल-2-पेन्टीन)

(एलिलिक हैलाइड)

(x) $p-Cl\,C_6H_4\,CH_2\,CH(CH_3)_2$

Ans-



(1-क्लोरो, 4-(iso-ब्यूटिल) बेन्जीन)

(ऐरिल हैलाइड)

(xi) $m-Cl\,CH_2\,C_6H_4\,CH_2\,C(CH_3)_3$

Ans.



(1-क्लोरो मेथिल-3-नियो पेन्टिल बेन्जीन)

(बेन्जिलिक हैलाइड)

(xii) $o-Br-C_6H_4\,CH(CH_3)CH_2CH_3$

Ans.



(ऐरिल हैलाइड)

{1-ब्रोमो-2-(sec ब्यूटिल) बेन्जीन}

अथवा

{1-ब्रोमो-2 (1-मेथिल प्रोपिल) बेन्जीन}

10.2 निम्न यौगिकों के IUPAC नाम लिखो →

(i) $CH_3CH(Cl)CH(Br)CH_3$

Ans.- 

(2 - ब्रोमो - 3 - क्लोरो ब्यूटेन)

(ii) $CHF_2CBrClF$

Ans.- 

(1 - ब्रोमो - 1 - क्लोरो - 1,2,2 ट्राई फ्लोरो एथेन)

(iii) $ClCH_2C\equiv CCH_2Br$

Ans.- 

(1 - ब्रोमो - 4 - क्लोरो - ब्यूट - 2 - आइन)

(iv) $(CCl_3)_3CCl$

Ans - 

(1,1,1,2,3,3,3 - हेप्टा क्लोरो - 2 (1,1,1 - ट्राई - क्लोरो मेथेन) प्रोपेन)

(v) $CH_3C(P\text{-}ClC_6H_4)_2CH(Br)CH_3$

Ans.- 

(3 - ब्रोमो - 2,2 - डाई - क्लोरो फेनिल ब्यूटेन)

(vi) $(CH_3)_3CCH=CH(C_6H_4I\text{-}p)$

Ans. -



(3, 3, 3 - ट्राई मेथिल - 1 - आयडो फेनिल ब्यूट - 1 - ईन)

10.3 निम्न कार्बनिक हैलोजन यौगिकों की संरचना दीजिए -

(i) 2 - क्लोरो - 3 - मेथिल पेन्टेन

Ans. -



(ii) p - ब्रोमो क्लोरो बेन्जीन

Ans. -



(iii) 1 - क्लोरो - 4 - एथिल साइक्लो हेक्सेन

Ans. -



(iv) 2 - (2 - क्लोरो फेनिल) - 1 - आयडो ऑक्टेन

Ans. -



(v) 2 - ब्रोमो ब्यूटेन

Ans. -



(vi) 4 - तृतीयक - ब्यूटिल - 3 - आयडो हेप्टेन

Ans. -



(vii) 1 - ब्रोमो - 4 - द्वितीयक - ब्यूटिल - 2 - मेथिल बेन्जीन



(viii) 1, 4 - डाई ब्रोमो ब्यूट - 2 - ईन



10.4 निम्न में से किसका द्विध्रुव आघूर्ण सर्वाधिक होगा ?

(i) CH_2Cl_2 (ii) $CHCl_3$ (iii) CCl_4

Ans. -





$\mu = 1.62\ D$

(i)



$\mu = 1.03$

(ii)



$\mu = 0$

(iii)

यहाँ C-Cl बन्ध की दिशा एवं C-H बन्ध की दिशा समान अर्थात् एक ही दिशा में पाए जाते हैं, जिससे द्विध्रुव आघूर्ण के मान में वृद्धि हो जाती है।

लेकिन $CHCl_3$ में दो C-Cl बन्ध एक-दूसरे के विपरित दिशा में होने के कारण इनके द्विध्रुव आघूर्ण के मान में कमी आ जाती है।

तथा CCl_4 में सभी C-Cl बन्ध एक-दूसरे के विपरित दिशा में होने के कारण इसमें द्विध्रुव आघूर्ण का मान शून्य पाया जाता है।

द्विध्रुव आघूर्ण का घटता क्रम ⟶

$$CH_2Cl_2 > CHCl_3 > CCl_4$$
$$(1.62\,D) \quad (1.03) \quad (0)$$

10.5 एक हाइड्रोकार्बन C_5H_{10} अंधेरे में क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करता परन्तु सूर्य के तीव्र प्रकाश में केवल एक मोनो क्लोरो यौगिक C_5H_9Cl देता है। हाइड्रोकार्बन की संरचना क्या है?

Ans. - हाइड्रोकार्बन की संरचना ⟶ क्लोरो पेन्टेन





साइक्लो पेन्टेन 1-क्लोरो साइक्लो पेन्टेन

SPECIAL NOTE →

यहाँ साइक्लो पेन्टेन में उपस्थित सभी 10 हाइड्रोजन परमाणु एक समान होने के कारण केवल एक मोनो क्लोरो व्युत्पन्न बनता है।

10.6 C_4H_9Br सूत्र वाले यौगिक के सभी समावयवी दीजिए।

Ans. – C_4H_9Br के समावयवी →

(1) $CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-Br$ (1 - ब्रोमो ब्यूटेन)

(2) $CH_3-CH_2-\underset{\underset{Br}{|}}{CH}-CH_3$ (2 - ब्रोमो ब्यूटेन)

(3) $CH_3-\underset{\underset{CH_3}{|}}{CH}-\underset{\underset{Br}{|}}{CH_2}$ (1 - ब्रोमो - 2 - मेथिल प्रोपेन)

(4) $CH_3-\overset{\overset{Br}{|}}{\underset{\underset{CH_3}{|}}{C}}-CH_3$ (2 - ब्रोमो - 2 - मेथिल प्रोपेन)

10.7 निम्न से 1 - आयडो ब्यूटेन प्राप्त करने की समीकरण दीजिए-

(i) 1 - ब्यूटेनॉल

Ans. – $CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-OH + SOCl_2 \xrightarrow{Py}$

$CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-I \xleftarrow[\text{एसिटोन}]{\text{शुष्क}} NaI + CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-Cl + SO_2\uparrow + HCl\uparrow$

(1 - आयडो ब्यूटेन)

(ii) 1 - क्लोरो ब्यूटेन

Ans. – $CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-Cl + NaI \xrightarrow[-NaCl]{\text{एसिटोन}}$

$CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-I$

1 - आयडो ब्यूटेन

(iii) ब्यूट - 1 - ईन

Ans. - $CH_3-CH_2-CH=CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-Br$

$\downarrow$ शुष्क एसिटोन

$CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-I$

(1 - आयडो ब्यूटेन)

10.8 उभयदंती नाभिकरागी क्या होते हैं? एक उदाहरण की सहायता से समझाइए।

10.9 निम्न प्रत्येक युग्मों में से कौनसा यौगिक OH^- के साथ SN^2 अभिक्रिया में अधिक तीव्रता से अभिक्रिया देगा?

(i) CH_3Br या CH_3I (ii) $(CH_3)_3CCl$ अथवा CH_3Cl

Ans. - (i) CH_3-Br , CH_3-I

SN^2 के लिए $\longrightarrow CH_3-I > CH_3-Br$

SN^2 अभिक्रिया में CH_3-Br में अधिक तीव्रता से अभिक्रिया करेगा।

(ii) $CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{\underset{|}{\overset{|}{C}}}}-Cl$, CH_3-Cl

(3°) (1°)

$1^\circ R-X > 2^\circ R-X$

10.10 निम्न हैलाइडों के एथेनॉल में सोडियम हाइड्रॉक्साइड द्वारा विहाइड्रो हैलोजनन के फलस्वरूप बनने वाली सभी एल्कीनों की संरचना लिखो। इसमें से मुख्य एल्कीन कौन-सी होगी?

(i) 1 - ब्रोमो - 1 - मेथिल साइक्लो हेक्सेन

Ans. -



(ii) 2 - क्लोरो - 2 - मेथिल ब्यूटेन

Ans. -



(सैत्यजैफ नियम) (अत्यधिक स्थायी)

(iii) 2, 2, 3 - ट्राई मेथिल - 3 - ब्रोमो पेन्टेन

Ans. -



(More Stable)

10.11 निम्न परिवर्तन आप कैसे करेंगे -

(1) एथेनॉल से ब्यूट - 1 - आइन

Ans. - $CH_3 - CH_2 - OH \xrightarrow{PCl_5} CH_3 - CH_2 - Cl$ (A)

$$CH \equiv CH + NaNH_2 \xrightarrow{\text{द्रव } NH_3} CH \equiv C-Na \quad (B)$$

$$CH_3-CH_2-Cl + Na-C \equiv CH \xrightarrow{-NaCl} CH_3-CH_2-C \equiv CH$$

↓

ब्यूट - 1 - आइन

(ii) एथीन से ब्रोमो एथेन

Ans.- $CH_2 = CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} CH_3-CH_2-Br$

(1 - ब्रोमो एथेन)

(iii) प्रोपीन से 1 - नाइट्रो प्रोपेन

Ans.- $CH_3-CH = CH_3 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} CH_3-CH_2-CH_2-Br$

$\downarrow AgNO_2$

$CH_3-CH_2-CH_2-NO_2$

1 - नाइट्रो प्रोपेन

(iv) टोलुइन से बेन्जिल एल्कोहल

Ans.-



(v) प्रोपीन से प्रोपाइन

Ans.- $CH_3-CH = CH_2 + Cl_2 \xrightarrow{CCl_4} CH_3-\underset{Br}{\underset{|}{CH}}-\underset{Br}{\underset{|}{CH_2}}$

$\downarrow$ alcKOH

$CH_3-C \equiv CH \xleftarrow{\text{Alc.KOH}} CH_3-CH = \underset{Br}{\underset{|}{CH}}$

(प्रोपाइन)

(1 - ब्रोमो प्रोपीन)

(vi) एथेनॉल से एथिल फ्लुओराइड

Ans.- $CH_3-CH_2-OH + PCl_5 \longrightarrow CH_3-CH_2-Cl \xrightarrow[\downarrow AgF]{\text{स्वार्ट अभिक्रिया}}$

CH_3-CH_2-F

(एथिल फ्लुओराइड)

(vii) ब्रोमो मेथेन से प्रोपेनॉन

Ans. -



(viii) ब्यूट -1- ईन से ब्यूट -2- ईन

Ans. -



(ix) 1 -क्लोरो ब्यूटेन से n- ऑक्टेन

Ans. -



(X) बेन्जीन से बाई फेनिल

Ans. -



10.14 निम्न प्रत्येक अभिक्रिया में बनने वाले मुख्य कार्बनिक उत्पाद की संरचना दीजिए :-

(i) $CH_3-CH_2-CH_2Cl + NaI \xrightarrow[\text{ऊष्मा}]{\text{एसिटोन}}$

Ans.- $CH_3-CH_2-CH_2Cl + NaI \xrightarrow[\text{ऊष्मा}]{\text{एसिटोन}} CH_3-CH_2-CH_2-I$

(1 - आयडो प्रोपेन)

(ii) $(CH_3)_3CBr + KOH \xrightarrow[\text{ऊष्मा}]{\text{एथेनॉल}}$

Ans.- $CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-Br + KOH \xrightarrow[\text{ऊष्मा}]{\text{एथेनॉल}} CH_3-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}}-OH$ (-KBr)

(t - ब्युटिल एल्कोहल)

(iii) $CH_3CH(Br)CH_2CH_3 + NaOH \xrightarrow{\text{जल}}$

Ans.- $CH_3-\underset{Br}{CH}-CH_2-CH_3 + NaOH \xrightarrow{\text{जल}} CH_3-\underset{OH}{CH}-CH_2-CH_3$

आइसो - ब्युटिल एल्कोहल

(iv) $CH_3CH_2Br + KCN \xrightarrow{\text{जलीय एथेनॉल}}$

Ans.- $CH_3-CH_2-Br + KCN \xrightarrow[\text{जलीय एथेनॉल}]{} CH_3-CH_2-CN$ (-KBr)

(1 - सायनाइड एथेन)

(v) $C_6H_5ONa + C_2H_5Cl \longrightarrow$

Ans.-



(vi) $CH_3CH_2CH_2OH + SOCl_2 \longrightarrow$

Ans. $CH_3-CH_2-CH_2-OH + SOCl_2 \longrightarrow CH_3-CH_2-CH_2-Cl + H_2O + SO_2\uparrow$

(vii) $CH_3CH_2CH=CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}}$

Ans.- $CH_3-CH_2-CH=CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} CH_3-CH_2-CH_2-\underset{Br}{CH_2}$

(viii) $CH_3CH=C(CH_3)_2 + HBr \longrightarrow$

Ans.- $CH_3-CH=\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{C}} + HBr \longrightarrow CH_3-\underset{Br}{CH}-\underset{CH_3}{\overset{CH_3}{CH}}$

10.16 SN^2 अभिक्रिया के प्रति अभिक्रियाशीलता के आधार पर इन यौगिको के समूह को क्रमबद्ध करो ?

(i) 2 - ब्रोमो - 2 - मेथिल ब्यूटेन, 1 - ब्रोमो पेन्टेन, 2 - ब्रोमो पेन्टेन

Ans.- 

(3°) (1°) (2°)

$1^\circ (R-X) > 2^\circ (R-X) > 3^\circ (R-X)$

(ii) 1 - ब्रोमो - 3 - मेथिल ब्यूटेन, 2 - ब्रोमो - 2 - मेथिल ब्यूटेन, 3 - ब्रोमो - 2 - मेथिल ब्यूटेन।

Ans.- 

(1°) (3°) (2°)

$1^\circ R-X > 2^\circ R-X > 3^\circ R-X$

(iii) 1 - ब्रोमो ब्यूटेन, 1 - ब्रोमो - 2,2 - डाई मेथिल प्रोपेन, 1 - ब्रोमो - 2 - मेथिल ब्यूटेन, 1 - ब्रोमो - 3 - मेथिल ब्यूटेन

Ans. - (i)  $(1^\circ R-X)$

(ii)  $(1^\circ R-X)$

(iii)  $(1^\circ R-X)$

(iv)  $(1^\circ R-X)$

(i) > (iv) > (iii) > (ii)

10.19 निम्न परिवर्तन कैसे सम्पन्न किए जा सकते है ?

(i) प्रोपीन से प्रोपेन - 1 - ऑल

Ans.- $CH_3-CH=CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} CH_3-CH_2-CH_2-Br$

$\downarrow$ Aq K-OH

$CH_3-CH_2-CH_2-OH + KBr$

प्रोपेन - 1 - ऑल

(ii) एथेनॉल से ब्यूट - 1 - ईन

Ans.- $CH_3-CH_2-OH \xrightarrow{PCl_5} CH_3-CH_2-Cl$ (A)

$CH\equiv CH + NaNH_2 \xrightarrow{\text{द्रव } NH_3} CH\equiv C-Na$ (B)

$CH_3-CH_2-Cl + Na-C\equiv CH \xrightarrow{-NaCl} CH_3-CH_2-C\equiv CH$

ब्यूट - 1 - आइन

(iii) 1 - ब्रोमो प्रोपेन से 2 - ब्रोमो प्रोपेन

Ans.- $CH_3-CH_2-CH_2-Br \xrightarrow{Alc.KOH} CH_3-CH=CH_2$

$\downarrow$ HBr

$CH_3-\underset{\underset{Br}{|}}{CH}-CH_3$

2 - ब्रोमो प्रोपेन

(iv) टोलूईन से बेन्जिल एल्कोहल

Ans.-



(v) बेन्जीन से 4 - ब्रोमो नाइट्रो बेन्जीन

Ans.-